# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक– 13.06.2025

- **थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 13.06.2025 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजय त्यागी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 113/25 धारा 191(2),191(3),190,115(2),119(1)बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. अमित पुत्र गिरिया, 2. प्रिंस उर्फ प्रिन्स सोम पुत्र ओमपाल व 3. उदयप्रताप उर्फ राजा पुत्र राजीव चौहान उर्फ लीलू निवासीगण ग्राम भूपखेडी थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर निजानन्द आश्रम के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 13.06.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री मिलन चौधरी मय हमराहीगण द्वारा हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त जाहिद पुत्र यासीन निवासी मौहल्ला आलमनगर कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस चैकिंग खुशरोपुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 141/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 02 पशु चार अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 12/13.06.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री गणेश कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. राहुल पुत्र सुनील निवासी मुंडेट कला थाना आर्दश मंडी, शामली व 2. चांद पुत्र इंतजार निवासी मौ0 पंसारियान थाना कोतवाली नगर, शामली को चैकिंग के दौरान सुजडू मार्ग पर कमेलों के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी 01 भैंस, 01 कटरा व 02 अवैध चाकू बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 104/25 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।